52 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in | यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

न्यूनतम 09.9°c अधिकतम 21.5 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 7:03 सूर्यास्त-5:21 | वर्ष : 52/ अंक : 341 | मंगलवार, 10 दिसम्बर 2024 | मार्गशीर्ष, शुक्ल पक्ष, दशमी | सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

**अमृतवाणी**

अगर आप अंधेरे में डूबे हुए हैं तो, रोने से ज्यादा अच्छा विकल्प है कि आपको रोशनी की तलाश करनी चाहिए।

विपक्षी गठबंधन में कई नेता हैं, जो इंडिया गठबंधन के संयोजक पद की जिम्मेदारी संभाल सकते हैं : रामगोपाल यादव



शिवपाल हैं... तेजस्वी हैं....उद्धव हैं और संजय राऊत भी तो हैं.......

# आटा चक्की संचालक व्यापारी के परिवार को बंधक बनाकर लाखों की डकैती











**भोपा, 09 दिसम्बर (बु.)।** थाना भोपा से चंद कदम की दूरी पर मुख्य मार्ग पर स्थित आटा चक्की संचालक के परिवार को आधा दर्जन से अधिक अज्ञात नकाबपोश बदमाशों ने बंधक बनाकर घर में रखी लाखों रुपए की नगदी व सोने चांदी के जेवरात पर डाका डाला तथा आटा चक्की संचालक के पुत्र के साथ मारपीट कर घायल कर दिया। बेखौफ बदमाशों ने एक घंटे तक घर के अंदर परिवार को आतंकित करते हुए डकैती की घटना को अंजाम दिया। चोरी की घटना से कस्बे में सनसनी फैल गई। कस्बे में व्यस्ततम मुख्य मार्ग पर चोरी से व्यापारियों में रोष व्याप्त हो गया है। सूचना पर पहुंची भोपा पुलिस ने घटना की जानकारी की तथा फोरेंसिक जांच व डॉग स्क्वॉयड की टीम बुलाकर जांच शुरू कर दी है।

**▶ थाने से महज 500 मीटर की दूरी पर दिया घटना को अंजाम**

थाना व गांव भोपा निवासी सतीश प्रजापति ने जानकारी देते हुए बताया कि उसका भोपा में बताशों वाली गली के सामने आटा चक्की व सरसों के तेल का कारोबार है, जिसके चलते वह आसपास के गांव व मण्डी से सरसों की खरीद-फरोख्त का कारोबार करता है। घर में सतीश के साथ उसकी पत्नी वंदना व पुत्र विकास रहता है तथा उसका बड़ा बेटा व उसकी पत्नी बाहर रहते हैं। रविवार को सतीश व उसकी पत्नी वंदना अपने कमरे में सो रहे थे। रात्रि लगभग एक बजे सतीश व वंदना के ऊपर बैठकर तीन अज्ञात नकाबपोश बदमाशों ने उनका गला दबाने का प्रयास किया। विरोध करने पर दो बदमाशों ने सतीश के मुंह पर टेप लगा दी तथा उसके हाथ पैर बांध दिये। उसके बाद वंदना के मुंह पर भी टेप लगाकर हाथों को रस्सी से बांध दिये। बदमाशों ने दम्पत्ति से कहा कि हमने तुम्हारे बेटे को मार दिया है, अगर शोर मचाओगे तो तुम्हें भी जान से मार देंगे, सतीश को बराबर के कमरे से उसके बेटे विकास की चिल्लाने की आवाज आ रही थी, जिससे उसे यकीन हो गया कि बदमाशों ने विकास को नहीं मारा है। सतीश ने वंदना को बदमाशों को अलमारी की चाबी देने को कहा। बदमाशों ने सतीश को हाथ पैर बांधकर जमीन पर लेटा दिया। बदमाश वंदना के पैर खोलकर उसे दूसरे कमरे में ले गये तथा नगदी व जेवरात के बारे में जानकारी की। वंदना के सामने ही बदमाशों ने कमरे में रखी दो

शेष - पृष्ठ-4 पर

### पूरे परिवार के फोन, नगदी व जेवरात लूट ले गये बदमाश

**भोपा।** बदमाशों ने घर में घुसते ही सारे मोबाईल अपने कब्जे में ले लिये थे, जिसके बाद एक एक सभी अलमारी में रखी नगदी व सोने चांदी के आभूषण लूट लिए। पीड़ित के अनुसार बदमाश उसकी लगभग 10 लाख रुपए की नगदी व लगभग 20 लाख रुपए के सोने चांदी के जेवरात लूट ले गये।

### घर के पिछले हिस्से में बने रोशनदान से घुसे थे बदमाश

**भोपा।** पीड़ित के अनुसार घर के पिछले हिस्से में बने रोशनदान से बदमाश घर में घुसे थे तथा डकैती के बाद उसी से वापिस बाहर निकल गये। घर के पिछवाड़े कॉलेज के मैदान में डीवीआर का खाली डिब्बा भी पड़ा हुआ मिला है।

## शाहनवाज राणा की जमानत अर्जी खारिज, 11 दिसम्बर को होगी सुनवाई

**मुजफ्फरनगर, 9 दिसम्बर (बु.)।** 5 दिसम्बर को वहलना चौक स्थित राणा स्टील पर जीएसटी की छापामार कार्यवाही के दौरान फैक्ट्री कर्मचारियों व अन्य कई लोगों ने जीएसटी टीम पर हमला करते हुए गाड़ी तोड़ दी थी। इस मामले में पूर्व विधायक शाहनवाज राणा व सद्दाम राणा दोनों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। इस मामले में जीएसटी की महिला अधिकारी श्रेया गुप्ता के बयान भी दर्ज किये गए थे। इस मामले में लगातार शाहनवाज राणा व सद्दाम की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। सोमवार को बचाव पक्ष ने सीजेएम कोर्ट में जमानत अर्जी खारिज करा दी। इस मामले में जमानत के लिए मंगलवार को बचाव पक्ष के अधिवक्ता प्रार्थना पत्र दाखिल करेंगे। इस मामले की सुनवाई एमपीएमएलए कोर्ट के न्यायाधीश गोपाल उपाध्याय की कोर्ट में होगी। आपको यह भी बता दें कि इसी मामले में सीसीटीवी फुटेज के आधार पर थाना सिविल लाइन पुलिस ने एक और व्यक्ति इमरान निवासी सुजडू को भी गिरफ्तार किया है। अभियोजन की ओर से टीम पर जानलेवा हमले की धारा बीएनएस-109 बढ़ाने के लिए दिया था। वहीं बचाव पक्ष के अधिवक्ता कुंवर पाल सैनी व वकार अहमद की ओर से जानलेवा हमले की धारा को खारिज कर सीजेएम कोर्ट में जमानत के प्रार्थना पत्र दाखिल किया गया था। कोर्ट द्वारा धाराओं के साथ जानलेवा हमले की धारा भी बढ़ा दी है। इस मामले में जमानत के लिए सुनवाई 11 दिसम्बर को होगी। पूर्व विधायक शाहनवाज राणा व सद्दाम राणा का रिमांड 18 दिसम्बर तथा आज पकड़े गए इमरान का रिमांड 23 दिसम्बर तक मंजूर कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

### पूर्व सांसद का करीबी बताया जाता है इमरान

**मुजफ्फरनगर।** सोमवार को थाना सिविल लाइन पुलिस द्वारा पकड़ा गया सुजडू निवासी इमरान पूर्व सांसद कादिर राणा का करीबी बताया जाता है। पुलिस ने लिखा-पढ़ी के बाद उसे कोर्ट में पेश किया जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। उक्त आरोपी पर जानलेवा हमले की धारा भी बढ़ाई गयी है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**भोपा, 09 दिसम्बर (बु.)।** थाना क्षेत्र के नगला बुजुर्ग गांव के युवक की अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से बाइक सवार की मौत हो गई, जबकि साथी घायल हो गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तथा शव का पोस्टमार्टम करा कर शव को सुपुर्द-ए-खाक किया गया, गांव में परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। थाना क्षेत्र के नगला बुजुर्ग निवासी युवक शमशाद व शहीद बाइक पर अपने बीमार परिजन को देखने बेगराज हॉस्पिटल में गई थे, वापस आते समय बाईपास जोली रोड कट के पास किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिसमें शमशाद की मौके पर ही मौत हो गई था हालांकि बाइक पर बैठे दूसरे युवक शहीद को मामूली चोटें आई, जिसको प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया और शमशाद के शव का पोस्टमार्टम कराया गया, जिसके पश्चात शमशाद के शव को सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया वही शमशाद की पत्नी व दो छोटे बच्चों का रो रो कर बुरा हाल है।

## रैन बसेरों में 1500 रुपये प्रतिमाह लेने के सुबूत, एसडीएम निकिता ने लगाई फटकार

**जिलाधिकारी के सख्त होने के बाद एसडीएम सदर भी दिखाई दी सख्त**





**मुजफ्फरनगर, 09 दिसम्बर (बु.)।** लगातार रैन बसेरों की निगरानी का काम एसडीएम सदर निकिता शर्मा, नगरपालिका चेयरमैन मीनाक्षी स्वरूप, ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह करती दिखाई पड़ रही हैं। सोमवार की रात फिर एक बार रोजाना की तरह एसडीएम निकिता शर्मा रेलवे स्टेशन स्थित रैन बसेरे में पहुंची और सभी व्यवस्थाओं का गंभीरता के साथ निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उस समय निकिता शर्मा ने रैन बसेरा संचालक को फटकार लगाई, जब वहां मौजूद आराम कर रहे लोगों ने खुल कर बताया कि ऊपर की मंजिल पर रैन बसेरों में 1500 रुपये प्रतिमाह तक ठहरने के नाम पर लिया जा रहा है। एक बुजुर्ग ने एसडीएम के समक्ष ही 50 रुपये दिए जाने की बात कही तो इस पर एसडीएम निकिता शर्मा ने संचालक से पूछा कि बताओ शुल्क के लिए कहां पर बोर्ड लगा हुआ है। इस पर संचालक ने कहा कि कल से ऐसा नहीं होगा। आपको बता दें कि लगातार जिलाधिकारी के आदेशों पर ठंड में लोग सड़कों पर न सोये, इस मंशा के साथ आला अधिकारियों के द्वारा रोज रात को फुटपाथ पर सो रहे लोगों और रैन बसेरों में व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर रहे है। पिछले चार दिनों से यह क्रम लगातार जारी है। इसी क्रम में आज नगरपालिका चेयरमैन मीनाक्षी स्वरूप भी निरीक्षण करती दिखाई दी। उन्होंने भी अपने सहयोगी सभासद मनोज वर्मा आदि के साथ विभिन्न रैन बसेरों का तथा एलईडी लाइटों का निरीक्षण किया।

## राजा वाल्मीकि हत्याकाण्ड में खतौली के पूर्व चेयरमैन पारस जैन समेत तीन आरोपी बरी

**मुजफ्फरनगर, 9 दिसम्बर (बु.)।** वर्ष 2017 के राजा वाल्मीकि हत्याकाण्ड में सोमवार को सुनवाई के दौरान पूर्व चेयरमैन पारस जैन सहित तीन आरोपियों को बरी कर दिया गया जबकि मुख्य आरोपी राजू वाल्मीकि को दोषी करार दिया गया है। सजा पर सुनवाई मंगलवार (आज) होगी। मिली जानकारी के अनुसार 5 अप्रैल 2017 को खतौली में राजा वाल्मीकि की गोलियों से भूनकर हत्या कर दी गयी थी। हत्या के मामले में उसी के भाई गौरा उर्फ गौरव वाल्मीकि, विपुल खूनी, दानिश, राजू वाल्मीकि व खतौली के पूर्व चेयरमैन पारस जैन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गयी थी। पुलिस ने तीन आरोपियों राजू, दानिश व गोरा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। जबकि विवेचना के दौरान पारस जैन को क्लीन चिट दे दी गयी थी। इसके बाद वादी के प्रार्थना पत्र पर खतौली के पूर्व चेयरमैन पारस जैन को हत्या में तलब किया था। हाईकोर्ट ने अंतरिम जमानत खारिज होने पर पूर्व चेयरमैन पारस जैन को भी जेल भेज दिया था। सोमवार को बचाव पक्ष के अधिवक्ता अनिल जिंदल ने बताया कि इस मामले में सुनवाई एससी/एसटी कोर्ट के न्यायाधीश अशोक कुमार की कोर्ट में हुई। कोर्ट ने साक्ष्य न होने के चलते खतौली के पूर्व चेयरमैन पारस जैन सहित गौरा व दानिश को बरी कर दिया जबकि राजू वाल्मीकि को हत्या में दोषी करार दिया गया। उसकी सजा पर सुनवाई मंगलवार को होगी। खतौली के पूर्व चेयरमैन मेरठ के एक अस्पताल में भर्ती हैं, इसलिए उनकी सुनवाई वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए कराई गयी। इस मामले में एक आरोपी विपुल खूनी अभी भी फरार चल रहा है, जिसकी फाइल अलग कर दी गयी है।

## दुर्घटना में बाइक सवार व महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत



मृतका शव को ले जाते परिजन



मृतका के परिजन

**मुजफ्फरनगर, 9 दिसम्बर (बु.)।** नई मण्डी कोतवाली क्षेत्र में अलग-अलग दुर्घटनाओं में दो बाइकों की आमने सामने की भिड़ंत में एक युवक की मौत हो गयी वहीं अलमासपुर में संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत हो गयी। आपको बता दें कि मंडी कोतवाली क्षेत्र के बिलासपुर कट के पास रविवार की देर रात दो बाइकों की आमने सामने की भिड़ंत हो गयी, जिसमें एक बाइक पर सवार शहीद व शमशाद निवासी नंगला बुजुर्ग घायल हो गए, जबकि दूसरी बाइक पर सवार युवक टक्कर मारकर मौके से फरार हो गया। घायल अवस्था में जब पुलिस द्वारा शहीद व शमशाद को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया तो शमशाद को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

वहीं दूसरी ओर नई मण्डी कोतवाली क्षेत्र के अलमासपुर में भी जानसठ थाने के भलेड़ी गांव निवासी लखीराम की पुत्री संगीता की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गयी। हालांकि ससुराल पक्ष के लोगों ने खुलकर आरोप लगाए कि उनकी बेटी संगीता को जहर देकर मारा गया है। पुलिस ने संगीता का पोस्टमार्टम कराकर मामले की जांच शुरू कर दी है। इस मामले में पति सागर, देवर, सास व ससुर के खिलाफ दहेज हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही पुलिस इन सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लेगी। परिजनों ने बताया कि उनकी बेटी की शादी लगभग 7 साल पहले वर्ष 2017 में सागर पुत्र लक्ष्मण से हुई थी और परिवार के लोग संगीता को अतिरिक्त दहेज की मांग के चलते प्रताड़ित करते थे। मृतका संगीता के तीन बच्चे हैं। महिला संगीता का अंतिम संस्कार समाजसेवी शालू सैनी द्वारा किया गया। परिजनों ने बताया कि संगीता का पति सागर व उसका देर अंकुर दोनों सूखे नशे के इंजेक्शन के आदी थी, जब भी संगीता उन्हें रोकती थी, तो वे उसके साथ मारपीट करते थे। परिजनों का कहना है कि रविवार को उन्हें सूचना मिली कि उनकी पुत्री बेगराजपुर मेडिकल कॉलेज में एडमिट है, सूचना पर वे मेडिकल पहुंचे तो संगीता के ससुराल पक्ष से वहां कोई भी व्यक्ति मौजूद नहीं था और संगीता की मौत हो चुकी थी। इसके बाद परिजन नई मण्डी कोतवाली पहुंचे तो पुलिस ने बताया कि उनकी बेटी के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और ससुराल पक्ष के सभी लोग घर से फरार हैं। ऐसे में समाजसेवी शालू सैनी ने महिला संगीता का अंतिम संस्कार कराया।

### उत्तराखंड में मौसम ने ली करवट, ठिठुरन बढ़ी, गिरे बर्फ़ के फाहे

**नैनीताल, 09 दिसंबर (वार्ता)** उत्तराखंड में मौसम में यकायक हुए बदलाव के बाद सोमवार को सीजन का पहला हिमपात हुआ। कुमाऊं के नैनीताल और अन्य ऊंचाई वाले इलाकों में भी हिमपात हुआ है। मौसम विभाग की भविष्यवाणी सही साबित हुई है। कुमाऊं मंडल के साथ ही सरोवर नगरी नैनीताल में रविवार से मौसम ने करवट ले ली थी। दिनभर बादल छाये रहे और तापमान काफी नीचे चला गया था। आज सुबह से फिर बादल छाए रहे। उच्च हिमालयी इलाकों में सुबह से अच्छा हिमपात हुआ। मुनस्यारी की चोटियों ने बर्फ की चादर ओढ़ ली है। सरोवर नगरी नैनीताल में भी सीजन की पहली शुरुआत हुई। यहां कुछ देर तक बर्फ के फाहे गिरे। इससे तापमान काफी नीचे चला गया है। पर्यटन कारोबारी इससे काफी उत्साहित हैं। उन्हें उम्मीद है कि दिसंबर महीने में कई वर्षों बाद हिमपात देखने को मिल सकता है।

## आ गई शीत लहर, अब कंपकंपाएगा मौसम

**पहाड़ों पर बर्फ और बारिश के बाद गिरने लगा पारा: तापमान 21.5/9.9**



**मुजफ्फरनगर, 9 दिसंबर (बु.)।** बीती रात हल्की बारिश ने जहां सूखे का क्रम तोड़ा वहीं आसमान पर बादलों की मौजूदगी के बाद रात के तापमान में इजाफा दर्ज किया गया। हालांकि दिन में पारे में गिरावट आई और ठंड का अहसास बढ़ गया। नगर में तापमान आज अधिकतम 21.5 और न्यूनतम 9.9 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। गनीमत यह थी कि आज सुबह से ही सुहानी धूप ने ठंड की तीव्रता को थामे रखा और लोग हल्की गर्माहट भरी धूप का आनंद लेते दिखाई दिए। दूसरी ओर पहाड़ों पर शुरू हुई बर्फबारी के बाद शीतलहर के तेज होने की संभावना है।

अगस्त के बाद से चल रहे सूखे को बीती रात तेज हवाओं के साथ आई हल्की बारिश ने धोने की कोशिश की। इसके चलते देर रात तक बूंदाबांदी होती रही। हालांकि बादलों की मौजूदगी के चलते रात में तापमान बढ़ा और हल्की गर्माहट महसूस की गई। बारिश के बाद प्रदूषण की स्थिति में सुधार आया और एक्यूआई 84 पर दर्ज किया गया। रात में बारिश के बाद सोमवार की शुरूआत अच्छी धूप के साथ हुई है और यह दिन भर जारी रहेगी। पहाड़ों और मैदानी क्षेत्रों में एक साथ अच्छी बर्फबारी और बारिश के बाद पहाड़ों पर मौसम की गतिविधियों का अवशिष्ट प्रभाव आंशिक रूप से अभी भी बना हुआ है, जबकि मैदानी इलाकों में तेजी से सामान्य सर्दियों के मौसम के साथ धूप और ठंडी हवा का आनंद फिर से शुरू हो गया है। इस सप्ताह के दौरान मौसम और बेहतर होगा और सामान्य सर्दियों का रूप बना रहेगा। जैसा कि आम तौर पर होता है, अगले कुछ दिनों में तापमान में गिरावट होने की संभावना है। ठंडी हवाएं पहाड़ों की ढलानों से होते हुए मैदानी इलाकों तक पहुंचेंगी, जिसमें दिल्ली और एनसीआर भी शामिल है। बारिश हुई और बर्फबारी बहुत अधिक नहीं हुई। इसलिए घना कोहरा राष्ट्रीय राजधानी को कुछ और दिनों तक परेशान कर सकता है। इस सप्ताह की खासियत ठंडी और धुंधभरी सुबहें रहेंगी, जिसमें हल्की और तेज ठंडी हवा का अनुभव होगा। दिल्ली व एनसीआर के कुछ इलाकों में हल्की शीतलहर की स्थिति देखने को मिल सकती है। बारिश कम ही सही पर कृषि वैज्ञानिकों के अनुसार बारिश और ठंड वाला यह मौसम रबी की फसलों के लिए बेहतर है। इन दिनों ऐसी फसलों को कम तापमान की जरूरत होती है। गेहूं, गन्ना, आलू, सरसो, मटर और सब्जियों की खेती के लिए भी ऐसा मौसम अच्छा है। इस बारिश से पौधों को वातावरण से प्राकृतिक नाइट्रोजन फिक्सेशन प्राप्त हो सकेगी। यह बरसात पौधों को प्राकृतिक तरीके से पर्याप्त नाइट्रोजन उपलब्ध कराती है। इससे फसलों का उत्पादन बढ़ता है।

## दिल्ली के चालीस स्कूलों और नागपुर के होटल में बम धमाकों की धमकी

**नई दिल्ली/मुंबई, 9 दिसंबर (एजेंसी)।** महाराष्ट्र में नागपुर के गणेशपेठ कॉलोनी इलाके में होटल द्वारकामाई में बम की धमकी वाला मेल मिला है। बम निरोधक दस्ता और पुलिस की टीमें फिलहाल मौके पर हैं।

दिल्ली के 40 स्कूलों को सोमवार को बम की धमकी वाला मेल मिला और मेल में 30,000 अमेरिकी डॉलर की मांग की गई है। धमकी एक ही ई-मेल के जरिए दिल्ली के प्रमुख स्कूलों को भेजी गई थी, जिनमें आरके पुरम का दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस), पश्चिम विहार का जीडी गोयनका, चाणक्यपुरी में द ब्रिटिश स्कूल, अरबिंदो मार्ग स्थित द मदर्स इंटरनेशनल, मंडी हाउस का मॉडर्न स्कूल, डीपीएस वसंत कुंज, सफदरजंग का दिल्ली पुलिस पब्लिक स्कूल, डीपीएस ईस्ट ऑफ कैलाश और सलवान पब्लिक स्कूल शामिल हैं। इससे पहले 29 नवंबर को रोहिणी में वेंकटेश्वर ग्लोबल स्कूल को एक ईमेल के जरिए बम की धमकी मिली थी। इससे एक दिन पहले ही प्रशांत विहार इलाके में हुए कम तीव्रता वाले विस्फोट हुआ था। जिसमें एक शख्स घायल हो गया। राजधानी में लगातार इसी तरह की धमकियां मिल रही है।

### देहरादून एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी, टर्मिनल खाली कराया

**जौलीग्रांट (ऋषिकेश)।** देहरादून एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद एयरपोर्ट टर्मिनल को खाली करा दिया गया है। एयरपोर्ट टर्मिनल के अंदर जितने भी एयरपोर्ट कर्मी, एयरलाइंस कर्मचारी और हवाई पैसेंजर थे उन सभी को बाहर कर दिया गया है और सुरक्षा एजेंसियों ने चारों तरफ से एयरपोर्ट टर्मिनल को घेर लिया है। एयरपोर्ट टर्मिनल पर इस समय तमाम सुरक्षा एजेंसियां धमकी की जांच कर रही हैं। वहीं एयरपोर्ट आने वाले हवाई पैसेंजरों, कार चालकों आदि को एयरपोर्ट टोल बैरियर के पास ही रोक दिया गया है। विमानों के अंदर बम होने की धमकी कई बार पहले भी मिली थी, लेकिन इससे पहले कभी भी टर्मिनल को खाली नहीं कराया गया था। इस बार पूरा टर्मिनल खाली कराकर सुरक्षा एजेंसियां जांच में जुटी हैं। किसी को भी एयरपोर्ट परिसर में प्रवेश की अनुमति नहीं है। एयरपोर्ट पर फ्लाइट मूवमेंट व ऑपरेशन पूरी तरह ठप पड़ा है।

## चारों धामों में बर्फबारी से बिछी सफेद चादर, बढ़ी ठिठुरन

**देहरादून, 9 दिसंबर (एजेंसी)।** मौसम ने करवट बदली और पहाड़ियों ने सफेद बर्फ की चादर ओढ़ ली। बेहद खूबसूरत नजारों को देख पर्यटकों की खुशी का भी ठिकाना नहीं रहा। उत्तराखंड के लोगों के साथ ही पर्यटकों का इंतजार भी खत्म हुआ। प्रदेश में मौसम ने करवट बदल ली और चारों धामों में सीजन की पहली बर्फबारी हुई। चारधाम समेत प्रदेश के उच्च हिमालयी क्षेत्रों में बर्फबारी और मैदानी जिलों में बारिश और हवाओं ने एकदम से पारा गिरा दिया, जिससे ठंड में काफी इजाफा हो गया। केदारनाथ, मद्महेश्वर, तुंगनाथ सहित अन्य ऊंचाई वाले क्षेत्रों में दोपहर बाद से मौसम खराब हो गया। केदारनाथ में अधिकतम तापमान माइनस 8 और न्यूनतम माइनस 11 डिग्री सेल्सियश रहा। गंगोत्री व यमुनोत्री धाम सहित हर्षिल घाटी में सीजन की पहली बर्फबारी हुई है। ऊंचाई वाले इलाकों में नौ दिसंबर को हल्की बारिश के साथ बर्फबारी होने के आसार जताए हैं। इसके चलते प्रदेश में पहाड़ से लेकर मैदान तक तापमान गिरने से ठिठुरन और भी बढ़ सकती है। गंगोत्री धाम के तीर्थपुरोहित सुधांशु सेमवाल ने बताया कि हवा के साथ हल्की बर्फबारी हो रही है, रात को अच्छी बर्फबारी की उम्मीद है। वहीं यमुनोत्री धाम में कड़ाके की सर्दी की वजह से गरुड़ गंगा का पानी जम गया है। प्राकृतिक झरने भी बर्फ बन गए हैं। धाम से मोहन सजवाण ने बताया कि यमुनोत्री धाम सहित आसपास की चोटियां बर्फ की सफेद चादर से ढक गयी हैं। निचले इलाकों में बारिश हो रही है। बर्फबारी के मौसम का लुत्फ चकराता घूमने आए पर्यटकों ने खूब उठाया। अचानक से हुई बर्फबारी से उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। ऐसे में उन्होंने बर्फ के साथ फोटो खिंचाते हुए बर्फबारी की वीडियो बनाकर अपने परिजनों व यार-दोस्तों के साथ शेयर की।

### संभल में तलाशी के दौरान तमंचे और स्मैक मिली

**संभल, 9 दिसंबर (एजेंसी)।** बीते दिनों जामा मस्जिद सर्वे के दौरान हुए बवाल में शामिल उपद्रवियों की तलाश में नखासा थाना क्षेत्र के दीपा सराय में एसपी के नेतृत्व में फोर्स ने 13 घरों में तलाशी ली। इस दौरान दो घरों से दो तमंचे व एक घर से स्मैक बरामद की गई। सोमवार की शाम चार बजे करीब एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई कई थानों की पुलिस,पीएसी, आरआरएफ और आरएएफ के जवानों के साथ 13 घरों में छानबीन कराने के लिए पहुंचे। इस दौरान मुल्ला अरशद के घर से स्मैक के 93 पैकेट बरामद किए गए। इसके अलावा ताजवर के घर से 315 बोर का तमंचा व महबर के घर से 315 बोर का तमंचा और दो खोखे बरामद किए गए हैं। एसपी ने बताया कि कुछ लोग पूछताछ के लिए हिरासत में लिए गए हैं। इसमें महिलाएं भी शमिल हैं। वहीं दूसरी ओर इस कार्रवाई के दौरान पुलिस ने ड्रोन कैमरे से क्षेत्र की निगरानी कराई। एसपी ने बताया कि बवाल के दौरान दीपा सराय इलाके के लोग भी उपद्रव में शामिल थे। इस सूचना के बाद ऐसे 13 घर चिन्हित किए गए। जहां भारी पुलिस फोर्स के साथ तलाशी कराई गई है।

## अपहरण कर की गई मारपीट, नगदी और सोने की चेन लूटी

**खतौली, 09 दिसम्बर (बु.)।** एक व्यक्ति ने बीती रात खुद का अपहरण कर कुछ दबंग लोगों द्वारा मारपीट कर हजारों की नगदी, सोने की जंजीर लूटने के साथ -साथ ऑनलाइन मनी ट्रांसफर करा लेने का आरोप लगाते हुए कोतवाली पुलिस से शिकायत कर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने की मांग की है। मिली जानकारी के अनुसार नगर के मौहल्ला मिठ्ठूलाल निवासी मौहम्मद उजैर खां ने कोतवाली में तहरीर देकर उल्लेख किया कि बीती देर रात्रि में उसके मोबाइल फोन पर नगर के बुढ़ाना रोड स्थित काजी गार्डन कॉलोनी निवासी अलमास की कॉल आई। कॉल पर अलमास द्वारा किसी जरूरी काम की बात कहते हुए उसे कोतवाली के पास बुलाया गया। पीड़ित उजैर का आरोप है कि जब वह वहां पहुंचा तो वहां पर अपने कुछ साथियों के साथ मौजूद अलमास उसे जबरदस्ती पकड़ कर एक गाड़ी में डाल कर लोगों तथा हथियारों के बल पर उससे मारपीट करते हुए उसके पास मौजूद बीस हजार रुपये की नगदी सहित उसकी सोने की जंजीर छीन ली तथा दबाव बनाते हुए उससे एक लाख रुपये ऑनलाइन मनी ट्रांसफर कराई गई। पीड़ित का आरोप है कि उसके पश्चात उसे बुढ़ाना रोड स्थित काजी गार्डन के निकट छोड़कर जाते हुए डेढ़ लाख रुपये नहीं देने पर धमकी देकर फरार हो गये। पीड़ित मौहम्मद उजैर द्वारा बीती रात ही कोतवाली पहुंचकर पुलिस से आरोपियों के विरुद्ध शिकायत करते हुए कार्यवाही की मांग की है।

# कीटनाशी केमिकल फैक्ट्री में हुई छापेमारी, मिली गड़बड़ी

**▶ 150 कट्टे नकली पदार्थ के साथ मिले संदिग्ध पैकिट ▶ पूर्व में हुई छापेमारी में मिल गई थी फैक्ट्री को क्लीन चिट**

**मुजफ्फरनगर, 09 दिसम्बर (बु.)।** जनपद में मिल रही तमाम शिकायतों के बीच में जिले का कृषि विभाग सक्रिय होता दिखाई देने लगा है। उर्वरक, कीटनाशी व दुकानों से अवैध वसूली में हुई फजीहतों के बीच सोमवार को जिला कृषि अधिकारी राहुल तेवतिया ने वरिष्ठ लिपिक राहुल चौधरी के साथ रुड़की रोड स्थित फार्म केमिकल्स कीटनाशी फैक्ट्री में छापेमारी की। फैक्ट्री परिसर में इस बीच टीम को नकली पदार्थ के करीब 150 कट्टे और कुछ पैकिट रखे हुए मिले। ऐसे में मौके पर जिला कृषि रक्षा अधिकारी यतेन्द्र कुमार को बुलाया गया। मौके पर पकड़े गए नकली पदार्थ से नमूने लेते हुए उसे सील करने की कार्रवाई की। वहीं अफसरों ने बिक्री पर रोक लगाते हुए फार्म केमिकल कीटनाशी फैक्ट्री को नोटिस जारी करते हुए स्पष्टीकरण मांगा है। कृषि विभाग की टीम ने उक्त रिपोर्ट डीएम को दी है। अब मामले में रिपोर्ट दर्ज कराने की तैयारी की जा रही है।

जनपद में कृषि विभाग के द्वारा किए तमाम दावों के बीच नकली कीटनाशी और खाद आदि बनाने का खेल थमने का नाम नहीं ले रहा है। अधिकारियों को मिल रही शिकायतों के बीच सोमवार को डीएम उमेश मिश्रा के निर्देश पर कृषि विभाग के अधिकारी सक्रिय हुए। इसके साथ सोमवार को जिला कृषि अधिकारी राहुल तेवतिया ने वरिष्ठ लिपिक राहुल चौधरी के साथ नगर के रुड़की रोड, बाईपास के पास सिलाजुड्डी रोड और रामपुर तिराहा आदि कई स्थानों पर चल रही फैक्ट्रियों पर छापेमारी की। कृषि विभाग टीम की छापेमारी के दौरान कुछ फैक्ट्री बंद पायी गई। इस बीच उन्हें रुड़की रोड फार्म केमिकल्स कीटनाशी फैक्ट्री में छापेमारी के दौरान नकली पदार्थ रखा मिला। उक्त फैक्ट्री के पास पेस्टीसाइड का लाइसेंस है और फैक्ट्री परिसर में करीब 150 कट्टे और अन्य कई आपत्तिजनक पैकिट रखे हुए मिले। उक्त कट्टों में सफेद, लाल और काले रंग का दानेदार पदार्थ रखा था, जिसका प्रयोग फैक्ट्री में बनने वाली पेस्टीसाइड दवाई और उर्वरक में होने की आशंका प्रथम दृष्टया जताई जा रही है। यह देख जिला कृषि अधिकारी राहुल तेवतिया ने मौके पर कृषि रक्षा अधिकारी यतेन्द्र कुमार को बुलाया। उनके सामने उक्त पदार्थ का नमूना लेते हुए सभी को सामग्री को सील किया गया, वहीं बिक्री पर रोक लगाई गई। उक्त फैक्ट्री को डीएम उमेश मिश्रा के निर्देश पर कृषि विभाग के अधिकारियों ने नोटिस जारी भी किया। टीम ने इस मामले की रिपोर्ट डीएम को दी है। अब उक्त फैक्ट्री के खिलाफ मंगलवार को रिपोर्ट दर्ज कराने की तैयारी है।






**इन्होंने कहा-**
जिला कृषि अधिकारी राहुल तेवतिया ने बताया कि रुड़की रोड स्थित उक्त फार्म केमिकल्स कीटनाशी फैक्ट्री परिसर में कुछ कट्टे मिले हैं, जिनमें काले, लाल और सफेद रंग का दानेदार पदार्थ रखा मिला है। वहीं कुछ पैकिट भी मिले है। सभी सामग्री को सील कर दिया गया। नमूना लेकर जांच को भेजा गया है। वहीं फैक्ट्री को नोटिस देते हुए बिक्री पर रोक लगा दी गई है। बता दें, रुड़की रोड पर स्थित जिस फैक्ट्री पर उक्त गड़बड़झाला सामने आया है, यहां कुछ दिन पूर्व कृषि रक्षा अधिकारी यतेन्द्र कुमार ने अपनी विभागीय टीम के अन्य कीटनाशी फैक्ट्रियों के साथे उक्त फैक्ट्री में भी छापेमारी की थी। उस वक्त यहां पर उन्हें ऐसा कुछ नहीं मिला था, जो इस बार जिला कृषि अधिकारी की जांच के रडार पर सामने आया। इस बात की चर्चा क्षेत्र में चहुंओर सुर्खियों में है।

## लुधियाना सड़क हादसे में कैराना की दो मजदूर महिलाओं की मौत

**शामली, 9 दिसंबर (बु.)।** पंजाब के लुधियाना में हुए सड़क हादसे में कैराना निवासी दो महिला मजदूरों की मौत हो गई। हादसे में दो युवक भी गंभीर रूप से घायल हो गए। महिलाओं की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। नगर के मोहल्ला आलदरम्यान निवासी महिला कमलेश व पारस के परिवार के लोग पंजाब के लुधियाना के साहनेवाल क्षेत्र के गांव भरमुना में ईंट भट्ठे पर मजदूरी का कार्य करते हुए हैं। शनिवार की देर शाम 60 वर्षीय कमलेश व पारस की पत्नी 55 वर्षीय संतोष अपने पारिवारिक भतीजों तेजू एवं कल्लू के साथ बाइकनुमा रेहड़े में घरेलु सामान खरीदने जा रही थी। तेजू रेहड़ा चला रहा था। इसी दौरान अनियंत्रित पिकअप गाड़ी ने उन्हें सामने से टक्कर मार दी। हादसे में कमलेश और संतोष की मौत हो गई जबकि दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। सोमवार को दोनों मृतक महिलाओं के शव पंजाब में पोस्टमार्टम के बाद कैराना पहुंचने की संभावना हैं।

## एक देश-एक चुनावः इसी संसद सत्र में विधेयक पेश कर सकती है सरकार?

**नई दिल्ली, 9 दिसंबर (एजेंसी)।** केंद्र की मोदी सरकार एक देश एक चुनाव को लेकर तैयारियों में जुटी है और मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि इसी संसद सत्र में एक देश-एक चुनाव विधेयक पेश किया जा सकता है। विधेयक पर विस्तृत चर्चा के लिए इसे संयुक्त संसदीय समिति के पास भेजने की बात भी कही जा रही है। गौरतलब है कि एक देश, एक चुनाव पर पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली समिति की रिपोर्ट को कैबिनेट से पहले ही मंजूरी मिल चुकी है। एक देश एक चुनाव प्रस्ताव का उद्देश्य देश में एक साथ चुनाव कराना है, जिससे संसाधन, समय और लागत की बचत होगी। अभी राज्यों में अलग-अलग और लोकसभा चुनाव अलग होते हैं। यह एक बड़ी पहल है, जिसे लेकर केंद्र सरकार ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। हालांकि केंद्र की इस पहल को विपक्ष के विरोध का सामना करना पड़ रहा है, जिससे साफ है कि केंद्र सरकार को इस विधेयक पर आम सहमति बनाने में काफी चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। मीडिया रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि राजनीतिक पार्टियों में सहमति बनाने के लिए केंद्र सरकार इस विधेयक को संसद में पेश करने के बाद संयुक्त संसदीय समिति के पास भेज सकती है। एक देश एक चुनाव को हकीकत में बदलने के लिए सरकार को संविधान में भी संशोधन करना होगा, जिसके लिए छह विधेयक दोनों सदनों के दो तिहाई बहुमत से पास होने जरूरी हैं। भाजपा नीत एनडीए का लोकसभा और राज्यसभा में बहुमत है, लेकिन संविधान संशोधन आसान नहीं होगा। विपक्ष एक देश एक चुनाव को व्यवहारिक नहीं मान रहा, साथ ही इसे अलोकतांत्रिक और असंवैधानिक भी बता रहा है।

## जगदीप धनखड़ के खिलाफ राज्यसभा में अविश्वास प्रस्ताव लाएगा विपक्ष, पचास से अधिक सांसदों ने किए हस्ताक्षर

**नई दिल्ली, 9 दिसंबर (एजेंसी)।** उपराष्ट्रपति और राज्यसभा सभापति जगदीप धनखड़ और विपक्षी दलों के नेताओं के बीच टकराव सोमवार को चरम पर पहुंच गया। इस टकराव के बाद विपक्ष ने धनखड़ को उनके कार्यकाल से हटाने के लिए एक अविश्वास प्रस्ताव लाने फैसला किया। सूत्रों ने बताया कि इस प्रस्ताव पर 50 से अधिक सांसदों ने हस्ताक्षर किया है। अगस्त में विपक्षी गठबंधन को प्रस्ताव पेश करने के लिए नेताओं के हस्ताक्षर की जरूरत थी, लेकिन उस समय वे आगे नहीं बढ़े। उन्होंने राज्यसभा के सभापति को एक मौका देने का फैसला किया, लेकिन सोमवार को उनके व्यवहार को देखते हुए विपक्ष अविश्वास प्रस्ताव लाने का मन बना चुका है। कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस(टीएमसी), आम आदमी पार्टी (आप), समाजवादी पार्टी(सपा) और विपक्षी गठबंधन के सदस्य इस प्रस्ताव के साथ आगे बढ़ने के लिए एकसाथ हैं। राज्यसभा में शून्यकाल के दौरान स्थगन के तुरंत बाद सदन के नेता जेपी नड्डा ने कहा कि भाजपा सदस्य उस मुद्दे पर चर्चा के लिए उत्तेजित थे, जिसमें कांग्रेस नेता शामिल थे। उन्होंने कहा, "फोरम ऑफ डेमोक्रेटिक लीडर्स इन द एशिया-पैसेफिक (एफडीएल-एपी) और जॉर्ज सोरोस के बीच संबंध चिंता का विषय है। इसका सह-अध्यक्ष इस सदन का सदस्य है।" भाजपा नेता ने आरोप लगाया



कि एफडीएल-एपी जम्मू कश्मीर को एक अलग इकाई के रूप में देखता है। जब जगदीप धनखड़ ने जानना चाहा कि सत्ता पक्ष के नेता विरोध क्यों कर रहे हैं, तब भाजपा सांसदों ने आरोप लगाया कि कांग्रेस के शीर्ष नेताओं का जॉर्ज सोरोस से संबंध है। उन्होंने इस मुद्दे पर चर्चा की मांग की, क्योंकि यह राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा था। भाजपा और एनडीए गठबंधन के सांसदों ने इस मुद्दे पर तुरंत चर्चा की मांग की, जबकि कांग्रेस सदस्यों ने दावा किया कि अदाणी मुद्दे से ध्यान भटकाने के लिए ऐसा किया गया। मल्लिकार्जुन खरगे, जयराम रमेश और प्रमोद तिवारी समेत कई नेताओं ने पूछा कि सभापति सत्तारूढ़ पार्टी को इस मुद्दे को उठाने की अनुमति कैसे दे रहे हैं, जबकि कांग्रेस ने इस संबंध में उनके (सत्तारूढ़ पार्टी) नोटिस को खारिज कर दिया था। भाजपा के लक्ष्मीकांत बाजपेयी को शून्यकाल में अपना मुद्दा उठाने का मौका दिया गया और उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दे पर बोलना शुरू किया। जयराम रमेश ने उनकी टिप्पणी पर आपत्ति जताते हुए कहा कि जब सभापति के नियम 267 के तहत नोटिस खारिज कर दिया है तो उसमें उल्लिखित मुद्दों को उठाने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। सांसद दिग्विजय सिंह ने भी धनखड़ पर पक्षपात करने का आरोप लगाया।

## शामली में तैनात महिला इंस्पेक्टर के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा

**गाजियाबाद, 9 दिसंबर (एजेंसी)।** शामली में तैनात महिला इंस्पेक्टर अनीता व उनके पति नेत्रपाल के खिलाफ गोविंदपुरम निवासी शिवांगी अग्रवाल ने कविनगर थाने में धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप है कि कमेटी डालने के नाम पर इंस्पेक्टर व उनके पति ने 150 लोगों से लाखों रुपये की ठगी की। यह भी आरोप है कि रुपये वापस मांगने पर उन्होंने लोगों को जान से मारने की धमकी दी। शिवांगी अग्रवाल ने बताया कि अनीता यूपी पुलिस में इंस्पेक्टर हैं। उनकी तैनाती शामली में चल रही हैं। वह अपने पति नेत्रपाल के साथ मिलकर भूमि किटी पार्टी के नाम से गोविंदपुरम में कमेटी का संचालन करती हैं। उनका संपर्क अपने परिचय के माध्यम से अनीता व नेत्रपाल से हुआ था। दोनों ने बताया कि वह एक हजार रुपये 15 माह तक जमा कराकर 16वें माह में ब्याज सहित पूरी राशि का भुगतान करते हैं। उनकी बातों पर भरोसा करके उन्होंने 2021 के शुरू में खुद कमेटी डालनी शुरू दी। अपने 150 से ज्यादा परिचित व रिश्तेदारों से भी कमेटी डलवाना शुरू कर दिया। 16 माह गुजरने के बाद जब किसी को रुपया नहीं मिला तो उन्होंने तकादा किया। इसके बाद वह आजकल आजकल कहकर टलाते रहे। ज्यादा तकादा करने पर कहा कि वह पुलिस अधिकारी हैं। किसी को भी जेल भिजवा देंगे। कई लोगों को उन्होंने जान से मारने की धमकी दी। मामले में परेशान होकर उन्होंने पुलिस अधिकारियों को शिकायत दी। एसीपी अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि पूर्व में भी अनीता के खिलाफ इसी तरह के आरोपों से जुड़ी जांच चली है। साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई सुनिश्चित होगी।

## तकनीकी खराबी के कारण कोच्चि जाने वाले विमान की आपातकालीन लैंडिंग

**चेन्नई, 9 दिसंबर (एजेंसी)।** कोच्चि जाने वाले एक निजी विमान में तकनीकी खराबी का पता चलने के बाद सोमवार को चेन्नई एयरपोर्ट पर आपातकालीन लैंडिंग करनी पड़ी। एयरपोर्ट के अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी। विमान में 100 से अधिक यात्री और चालक दल के सदस्य सवार थे। अधिकारियों ने बताया कि सभी यात्री और चालक दल के सदस्य सुरक्षित हैं। अधिकारियों के अनुसार, चेन्नई से 117 यात्रियों को लेकर विमान कोच्चि के लिए रवाना हुआ। बाद में तकनीकी गड़बड़ी का पता लगने के बाद पायलट ने विमान को वापस चेन्नई की तरफ मोड़ दिया और आपातकालीन लैंडिंग कराई गई।

# यशवीर महाराज की धमकी के बाद पुरबालियान का प्रधानपति गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर, 9 दिसंबर (बु.)।** मन्सूरपुर पुलिस द्वारा मजदूर को बन्धक बनाकर मारपीट करने के मामले में प्रधानपति को गिरफ्तार किया गया। मामले को लेकर बघरा आश्रम के स्वामी यशवीर ने गांव में पंचायत करने की चेतावनी थी। इसके बाद आज पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई की। आपको बता दें कि पुरबालियान के प्रधान शौकत अली ने एक राज मिस्त्री के मजदूरी के पैसे न देने पर उसके साथ मारपीट की थी। राजमिस्त्री नरेश ने पुलिस और स्वामी यशवीर महाराज दोनों के पास अपनी गुहार लगाई थी। गुहार लगाने के बाद यशवीर महाराज ने घोषणा की थी कि यदि राजमिस्त्री को न्याय न मिला तो वे प्रधान शौकत अली के घर पर ही पहुंच जाएंगे।



यशवीर महाराज के आज दस दिसम्बर को वहां पहुंचने से पहले ही पुलिस ने शौकत अली को हिरासत में ले लिया, जिसके बाद यशवीर महाराज ने एसएसपी अभिषेक सिंह का धन्यवाद अदा करते हुए कहा कि अब शौकत अली के घर पहुंचने का कार्यक्रम निरस्त कर दिया गया है, क्योंकि राजमिस्त्री को न्याय मिल गया है। 29 नवंबर को वादी द्वारा थाना मन्सूरपुर पर लिखित तहरीर देकर अवगत कराया कि उसने ग्राम पुरबालियान की प्रधान के पति शौकत के यहां पर मजदूरी की थी जब वह अपनी मजदूरी के पैसे मांगने शौकत के घर गया तो शौकत द्वारा उसे अपने घर पर बन्धक बनाकर मारपीट की गयी तथा उसकी पत्नी के साथ भी गाली-गलौच व अभद्रता कर धमकी दी गयी। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना मन्सूरपुर पुलिस द्वारा बीएनएस की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया था। आज थाना मन्सूरपुर पुलिस द्वारा उक्त अभियोग में वांछित शौकत अली पुत्र रहमान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस कई दिनों से मामले को लटकाए हुए थी। इसे लेकर बघरा आश्रम के स्वामी यशवीर ने गांव में पंचायत करने की चेतावनी दी थी।



## बरेली में पलटने से बची आगरा फोर्ट रामनगर एक्सप्रेस, पटरी पर दिखा कुछ ऐसा, ट्रैकमैन ने रुकवाई ट्रेन

**बरेली, 9 दिसंबर (एजेंसी)।** बरेली में रेल पटरी चटकी होने के कारण सोमवार तड़के 15055-56 आगरा फोर्ट-रामनगर एक्सप्रेस पलटने से बची। सूचना मिलने के बाद कंट्रोल रूम ने ट्रेन को इज्जतनगर में रोक दिया। इंजीनियरिंग टीम ने 45 मिनट में ट्रैक को दुरुस्त किया। इसके बाद ट्रैक पर 20 किमी प्रति घंटा के कॉशन के बाद ट्रेन को इज्जतनगर से आगे रवाना किया गया। आगरा फोर्ट-रामनगर-आगरा फोर्ट एक्सप्रेस का सप्ताह में अप-डाउन तीन-तीन दिन संचालन होता है। रविवार राम 8:53 बजे आगरा फोर्ट से चलने के बाद यह ट्रेन सोमवार तड़के 4:04 बजे इज्जतनगर पहुंची थी। इज्जतनगर-भोजीपुरा के बीच रेलवे क्रॉसिंग संख्या 236 बी के पास ट्रैकमैन प्रेमपाल और हरीबाबू पेट्रोलिंग कर रहे थे। उन्होंने देखा कि रेल पटरी चटकी हुई है। पटरी में करीब एक इंच की दरार थी। अगर ट्रेन यहां से गुजरती है तो हादसा हो सकता है। प्रेमपाल ने तुरंत की इसकी सूचना गेटमैन को दी। गेटमैन ने कंट्रोल रूम को अलर्ट कर दिया। इस दौरान ट्रेन इज्जतनगर स्टेशन छोड़ रही थी। रेल लाइन में फैक्चर की सूचना पर ट्रेन को रोक दिया गया।

## कार की टक्कर से उछली घोड़ी, नीचे गिरते ही मौत, कैंटर चालक की भी गई जान

**बागपत, 9 दिसंबर (एजेंसी)।** ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेस वे और दिल्ली-सहारनपुर नेशनल हाईवे पर हुए तीन सड़क हादसों में कैंटर चालक के अलावा एक घोड़ी की मौत हो गई। जबकि सेवानिवृत्त एयरफोर्स कर्मी और उनकी पत्नी समेत 12 घायल हो गए। घायलों का जिला अस्पताल में उपचार कराया गया, वहां से एयरफोर्स कर्मी और उनकी पत्नी को रेफर कर दिया गया। एटा जिले के जोगपुरा गांव के रहने वाले धनवीर ने बताया कि उसका भाई देवेंद्र (30) रविवार को कैंटर में सामान लादकर महोबा जिले से सोनीपत जा रहा था। ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेस वे पर जैसे ही वह खेकड़ा के समीप पहुंचा तो आगे चल रहे ट्रक ने अचानक ब्रेक लगा दिए। इससे देवेंद्र के कैंटर और ट्रक में भिड़ंत हो गई। हादसे में देवेंद्र की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने पहुंचकर शव को कब्जे में लिया।

## महाराष्ट्र CM फडणवीस ने हासिल किया विश्वास मत

**मुंबई, 9 दिसंबर (एजेंसी)।** देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व वाली सरकार ने सोमवार को महाराष्ट्र विधानसभा में विश्वास मत हासिल कर लिया। शिवसेना विधायक उदय सामंत और अन्य द्वारा पेश किए गए विश्वास प्रस्ताव को ध्वनि मत से पारित कर दिया गया। विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने घोषणा की कि सदन ने विश्वास प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। पांच दिसंबर को मुंबई में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में आयोजित समारोह में फडणवीस ने तीसरी बार मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी। एकनाथ शिंदे और अजित पवार ने उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी। इससे पहले भाजपा विधायक राहुल नार्वेकर सोमवार को 15वीं महाराष्ट्र विधानसभा के निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए। इससे पहले राहुल नार्वेकर ने रविवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल किया था। इसके बाद विपक्षी गठबंधन महा विकास अघाड़ी (एमवीए) ने अपनी ओर से किसी को उम्मीदवार नहीं बनाने का फैसला किया। ऐसे में राहुल नार्वेकर को निर्विरोध चुन लिया गया।



## हाईवे पर ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार 3 घायल

**खतौली, 09 दिसम्बर (बु.)।** नेशनल हाईवे पर ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार तीन लोग घायल हो गये। घायलों को गम्भीर हालत में मेरठ रैफर किया गया। नैशनल हाईवे पर कोतवाली क्षेत्र में एक पैट्रोल पम्प के निकट एक ट्रक की चपेट में आकर बाइक सवार तीन युवक गम्भीर रूप से घायल हो गये। दुर्घटना में गम्भीर रूप से घायल धर्मेन्द्र पुत्र घसीटा, टीटू पुत्र कुड़े सिंह निवासीगण गांव मुस्सा बिलासपुर व अजय पुत्र मंगल सैन निवासी ग्राम औता थाना लावड़ को पुलिस द्वारा एम्बुलेंस के माध्यम से मेरठ हायर सेंटर के लिए रवाना कर दिया गया था।

## इस्लाम विरोधी हैं बांग्लादेश हिदुओं पर हमले : महमूद मदनी

**सहारनपुर, 9 दिसंबर (वार्ता)।** देवबंदी विचारधारा के सामाजिक और धार्मिक संगठन जमीयत उल्मा ए हिंद के राष्ट्रीय अध्यक्ष और विश्व विख्यात इस्लामिक शिक्षण संस्था दारूल उलूम देवबंद की प्रबंध समिति के सदस्य एवं पूर्व सांसद मौलाना महमूद मदनी ने सोमवार को कहा कि पड़ोसी मुल्क में अल्पसंख्यकों के साथ जुल्म ज्यादती इस्लाम के खिलाफ हैं और यह हमले अविलंब बंद होने चाहिये। मौलाना मदनी ने बांग्लादेश के मुसलमानों से दोटूक कहा कि उनकी हरकतें इस्लाम और न्याय के खिलाफ हैं। वे बांग्लादेश के हिदुओं और पूजा स्थलों, घरों को निशाना ना बनाएं और उनके साथ सौहार्द्रपूर्ण संबंध बनाए रखें। ज्ञातव्य है कि देवबंद दारूल उलूम की विचारधारा और पाठ्यक्रम पर आधारित बांग्लादेश के ढाका, चटगांव और प्रमुख शहरों में बड़ी संख्या में मदरसे हैं। दारूल उलूम वक्फ के वयोवृद्ध आलिम और इस्लामिक मामलों के जानकार मौलाना अब्दुल्ला जावेद ने इस सिलसिले में कहा कि भारत



बंटवारे के बाद पाकिस्तान से तो नहीं लेकिन बांग्लादेश के अस्तित्व में आने से पहले पूर्वी पाकिस्तान से हजारों की संख्या में छात्र दारूल उलूम देवबंद में तालिम लेने आते थे और बांग्लादेश बनने के बाद भी यह सिलसिला जारी रहा। बाद में भारत सरकार द्वारा शिक्षा का वीजा नहीं दिए जाने के कारण बांग्लादेशी छात्रों का आना बंद हुआ। मौलाना अब्दुल्ला जावेद ने कहा कि मौलाना अरशद मदनी का बांग्लादेश के मुसलामानों पर जबरदस्त जज्बाती जुड़ाव रहा है। उनके भाई मौलाना अरशद मदनी जो वर्तमान में जमीयत के अध्यक्ष के साथ-साथ दारूल उलूम देवबंद के सदर मुदर्रिस हैं का भी बांग्लादेश के मुस्लिमों पर असर है।

## कोल्हू पर चल रही थी बिजली चोरी, पहुंच गई टीम

**मुजफ्फरनगर, 9 दिसंबर (बु.)।** बिजली अधिकारियों के छापे में एक कोल्हू में बिजली चोरी का मामला पकड़ा गया है। विद्युत विभाग के ग्रामीण अधीक्षण अभियंता संजीव कुमार व अधिशासी अभियंता अमित कुमार के नेतृत्व में कोल्हुओं की चेकिंग अभियान के तहत भोपा थाना क्षेत्र के गांव नगला बुजुर्ग में जुल्फिकार के कोल्हू पर एलटी लाइन से केबल जोड़कर अवैध रूप से बिजली चोरी पाई गई। अधिकारियों ने बताया कि कोल्हू मालिक पर मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी गई है।

## किशोरी को प्रेमजाल में फंसाकर भगा ले गया दूसरे सम्प्रदाय का युवक

**मीरापुर, 09 दिसम्बर (बु.)।** कस्बे की एक नाबालिग किशोरी को दूसरे सम्प्रदाय के युवक ने प्रेम जाल में फंसा लिया तथा उसे बहका-फुसलाकर भगा ले गया। किशोरी के भाई ने आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। मामला अलग अलग सम्प्रदाय से जुड़ा होने के कारण तनाव पनप रहा है। मीरापुर के एक मौहल्ले की रहने वाली एक 15 वर्षीय किशोरी का पिता व दादा जेल में बंद है। इसी बात का लाभ उठाकर नाबालिग किशोरी को मौहल्ले के ही रहने वाले दूसरे सम्प्रदाय के एक युवक ने अपने प्रेमजाल में फंसा लिया। रविवार को किशोरी का भाई काम से बाहर गया हुआ था। आरोप है कि इसी बीच सम्प्रदाय विशेष का उक्त युवक किशोरी को बहका फुसलाकर भगा ले गया। जब किशोरी का भाई वापिस आया तो उसने अपनी बहन को तलाश किया तथा जानकारी लगने पर आरोपी युवक के घर पहुंचा तो वहाँ ताला लगा मिला। किशोरी के भाई ने आरोपी युवक सुहैल पुत्र इकराम के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। मामला अलग अलग सम्प्रदाय से जुड़ा होने के कारण तनाव पनप रहा है हिन्दू संगठनों में आक्रोश है।

## ठप हुआ रेलवे का सर्वर, 2 घंटे परेशान हुए यात्री

**नई दिल्ली, 9 दिसंबर (एजेंसी)।** भारतीय रेलवे के यात्रियों को सोमवार को बड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। सुबह इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन (आईआरसीटीसी) की वेबसाइट और एप ठप पड़ गई। इससे देशभर के यात्री ट्रेन टिकट नहीं बुक कर पाए। इनमें सबसे ज्यादा परेशानी उन यात्रियों को हुई जो मंगलवार की यात्रा के लिए तत्काल टिकट बुकिंग करवाना चाहते थे। तत्काल बुकिंग विंडो खुलने के साथ ही आईआरसीटीसी का सर्वर डाउन होने की खबर सामने आई। आईआरसीटीसी की वेबसाइट पर मैसेज मिल रहा था, मेंटेनेंस का काम चल रहा है। इसलिए अगले 1 घंटे तक कोई बुकिंग नहीं होगी। भारतीय रेलवे देश में ट्रांसपोर्टेशन के सबसे बड़े साधनों में से एक है। ट्रेन टिकट बुक करने के लिए आईआरसीटीसी इकलौता ऑनलाइन प्लेटफॉर्म है। आमतौर पर मेंटेनेंस का काम रात में 11 बजे के बाद होता है। ऐसे में सवाल यह उठता है कि जब रेलवे ने एडवांस टिकट बुकिंग महज 60 दिन पहले कर दी तो फिर अचानक वेबसाइट पर इतना लोड कहां से आ गया ? रोज मेंटेनेंस होने के बाद भी वेबसाइट कैसे ठप पड़ गई? कहीं ये साइबर अटैक तो नहीं था?

## जहरीली हुई हिंडन नदी, उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव व अन्य से एनजीटी ने मांगा जवाब

**नई दिल्ली, 9 दिसंबर (एजेंसी)।** राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने हिंडन नदी के प्रदूषण पर उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव, केंद्रीय पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के क्षेत्रीय कार्यालय, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। एनजीटी ने मामले की 19 मार्च 2025 की सुनवाई से पहले संबंधित अधिकारियों को जवाब दाखिल करने को कहा है। हरित निकाय ने औद्योगिक अपशिष्टों के निर्वहन और पर्याप्त सीवेज उपचार सुविधाओं की कमी की वजह से नदी में हो रहे प्रदूषण पर एक मीडिया रिपोर्ट का स्वतः संज्ञान लिया था। एनजीटी अध्यक्ष न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव की पीठ ने 27 नवंबर को दिए आदेश में कहा कि सहारनपुर में शिवालिक पहाड़ियों से निकलने वाली और मुजफ्फरनगर समेत सात जिलों से होकर बहने वाली 400 किलोमीटर लंबी वर्षा आधारित नदी अपने किनारे के 1.9 करोड़ लोगों की आबादी का भरण-पोषण करती है, लेकिन नदी जहरीली हो गई है। नदी में 357 उद्योगों से रोजाना 72,170 किलोलीटर से अधिक औद्योगिक अपशिष्ट और हर दिन 94.3 करोड़ लीटर घरेलू सीवेज घुलता है। अपर्याप्त बुनियादी ढांचे की वजह से 22 करोड़ लीटर से अधिक पानी



अनुपचारित रहता है। खबर का हवाला देते हुए एनजीटी की पीठ ने कहा कि प्रदूषण की गंभीरता नदी की लगातार खराब जल गुणवत्ता मीट्रिक में दिखाई देती है। एनजीटी ने कहा कि यह मामला जल (प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण) अधिनियम, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों और पर्यावरण संरक्षण अधिनियम के उल्लंघन की तरफ इशारा करता है। हरित निकाय ने इस मामले में राज्य के मुख्य सचिव, केंद्रीय पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के क्षेत्रीय कार्यालय, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को प्रतिवादी बनाया है।

## ऑडी ने ट्रैक्टर-ट्राली में मारी टक्कर, चपेट में आई बाइक, दो की दर्दनाक मौत, तीन घायल

**सहारनपुर, 9 दिसंबर (एजेंसी)।** सहारनपुर के सरसावा में तेज रफ्तार ऑडी कार ने ट्रैक्टर-ट्राली में टक्कर मार दी। इसकी चपेट में आगे चल रहे बाइक सवार भी आ गए। हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई, जबकि तीन से चार युवक गंभीर रूप से घायल हुए। घायलों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। हादसा रविवार देर रात हुआ। अंबाला की ओर से तेज रफ्तार से आ रही ऑडी कार ने बलवंतपुर गांव के पास ट्रैक्टर-ट्राली में टक्कर मारी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्रैक्टर ट्राली नियंत्रित होकर आगे जा रही दो बाइकों में जा भिड़ी। इसमें शिवा पुत्र राजकुमार और अमन पुत्र जयकिशन निवासी सरसावा की मौत हो गई, जबकि सोनू, रणवीर, राव टीपू, जावेद घायल हो गए। घटना का पता लगने पर पुलिस भी आ गई। पुलिस ने शवों को कब्जे में लिया और घायलों को मेडिकल कॉलेज भिजवाया। हादसे में ट्रैक्टर चालक व कार चालक को भी चोट आई।

### शेष - आटा चक्की संचालक व्यापारी के परिवार

अलमारी में रखी नगदी चुरा ली तथा जेवरात के बारे में पता करने पर वंदना ने जेवरात बैंक लॉकर में होने की बात कही, जिसके बाद बदमाशों ने वंदना की कनपटी पर बंदूक लगाकर जान से मारने की धमकी देते हुए जेवरात के बारे में पूछा तथा अलमारी की चाबियों का गुच्छा मांगा तथा अलमारी में रखे नगदी व जेवरात चुरा लिए। सतीश के पुत्र विकास प्रजापति ने बताया कि बदमाशों ने उसके कमरे में घुसते ही उसे बंदूक की बट से घायल कर दिया तथा उसके सिर में चोट मार दी लेकिन वह शोर मचाता रहा, जिसके बाद बदमाशों ने विकास के एक हाथ में दो व दूसरे हाथ में एक इंजेक्शन लगाया, जिससे विकास लगभग मूर्छित अवस्था में पहुंच गया, लेकिन वह शांत नहीं हुआ। बदमाशों ने विकास के मुंह पर भी टेप लगाकर उसके हाथ पैर बांध दिए थे तथा शोर मचाने पर जान से मारने की धमकी देते रहे। दूसरे कमरे से जेवरात लूटने के बाद बदमाशों ने विकास के कमरे में रखी अलमारी में से पुराने जेवरात लूट लिए। सतीश की पत्नी वंदना ने बताया कि एक बदमाश ने उसकी छाती पर बैठकर तकिये से उसका गला दबाने का प्रयास किया तथा मुंह पर टेप लगाकर रस्सी से हाथों को बांध दिया। बदमाश वंदना को दूसरे कमरे में ले गये तथा तमंचे की नोक पर अलमारी में रखी नगदी व जेवरात लूट लिये। बदमाशों का ध्यान उसके गले में पड़ी सोने की चैन पर गया तो उन्होंने उसे भी झटके से निकाल लिया। बदमाशों ने उन्हें डराते हुए कहा कि हम 15 लोग हैं, यदि शोर मचाया तो सारे परिवार को जान से मार देंगे। बदमाश तीनों को बंधा छोड़कर तथा पुलिस को सूचना देने पर पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गये। काफी देर तक चुपचाप पड़े रहने के बाद जब पीड़ित को यकीन हो गया कि बदमाश घर से जा चुके हैं, उसके बाद नीचे से उनका नौकर सागर बदहवास हालत में आया, जिसके हाथ पीछे से बंधे हुए थे। सागर ने किसी तरह अपने व वंदना के हाथ खोले। विकास ने घर का मैन गेट खोला तथा थाने पहुंचकर पुलिस को घटना की जानकारी दी, जिस पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी की तथा मौके पर डॉग स्क्वॉयड व फोरेंसिक टीम को बुलाया तथा आवश्यक साक्ष्य जुटाए। घटनास्थल पर पहुंचे एसपी देहात आदित्य बंसल व क्षेत्राधिकारी देवव्रत वाजपेई ने पीड़ित व उसके परिवारजनों से घटना के विषय में घंटों विस्तृत जानकारी की। एसपी देहात आदित्य बंसल ने बताया कि मौके से साक्ष्य जुटाए गये हैं तथा घटना के खुलासे के लिए दो टीमों का गठन किया गया है। शीघ्र घटना का खुलासा किया जाएगा।

## आज दिल्ली कूच नहीं करेंगे किसान

**पटियाला (पंजाब), 9 दिसंबर (एजेंसी)।** शंभू बॉर्डर पर बैठे किसान मंगलवार को दिल्ली कूच नहीं करेंगे। किसान नेता सरवण सिंह पंधेर ने बताया कि कल आंदोलन को लेकर रणनीति बनाई जाएगी। किसान शुक्रवार और रविवार को आगे बढ़ने का प्रयास कर चुके हैं, लेकिन दोनों ही बार हरियाणा पुलिस ने उन्हें रोक दिया।

## रामराज में चोरों का आतंक, फिर पांच नलकूपों में चोरी

**रामराज, 09 दिसम्बर (बु.)।** रामराज क्षेत्र में किसानों के नलकूप में चोरी का सिलसिला लगातार जारी है। चोरों ने गांव महमूदपुर के जंगल में पांच नलकूप में कुंबल करके हजारों कर लिया है। खतौली निवासी किसान मांगे सिंह पुत्र मुख्तार सिंह, हरप्रीत सिंह पुत्र बलजिंदर सिंह बिल्लू सिंह, प्रीतपाल सिंह ने बताया की रामराज खादर क्षेत्र के गांव महमूदपुर के जंगल मुकीमपुर में खेती की जमीन है। यहां चोरों ने रात्रि में उनके खेत पर बने हुए नलकूप के कमरे मे कुंबल करके यहां से केबल, कटआउट, स्टार्ट, ऑपरेटर व मोटर से तांबे का तार समेत हजारों का कीमती सामान चोरी कर ले गए। सवेरे जंगल जाने पर किसानों को चोरी की जानकारी लगी, जिस पर किसानों ने चोरी की जानकारी पुलिस को दी है। किसानों का आरोप है कि पिछले एक सप्ताह में चोर एक दर्जन से अधिक नलकूप में चोरी की घटना को अंजाम दे चुके हैं। किन्तु रामराज पुलिस चोरी की घटना को रोकने में नाकाम साबित हो रही है, जिससे किसानों में पुलिस के प्रति रोष व्याप्त है।

# पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से रोशन हुए 753 घर

**▶ यूपी की टॉपर सूची में शामिल होने की ओर बढ़ रहा जनपद ▶ लक्ष्य की खातिर 22,017 उपभोक्ताओं ने किए आवेदन**

**मुजफ्फरनगर, 09 दिसम्बर (बु.)।** पीएम सूर्य घर यानि मुफ्त बिजली योजना दुनिया की सबसे बड़ी घरेलू रूफटॉप सौर योजना भारत के सौर ऊर्जा परिदृश्य को बदल रही है। 15 फरवरी 2024 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू की गई इस अभूतपूर्व पहल का उद्देश्य वास्तव में छत पर सौर पैनल लगाने की सुविधा देकर अधिकांश घरों को मुफ्त बिजली उपलब्ध कराना है। यह योजना नवीकरणीय ऊर्जा को अधिक किफायती और सुलभ बनाने के लिए घरों को 40 प्रतिशत तक की सब्सिडी प्रदान करती है। पीएमएसजीएमबीवाई के मात्र 9 माह में 6.3 लाख इंस्टॉलेशन किए गए हैं जो औसतन 70,000 प्रति माह है। एक करोड़ परिवारों को लाभ पहुंचाने के लक्ष्य के साथ शुरू इस कार्यक्रम से सरकार को बिजली की लागत में सालाना 75,000 करोड़ रुपये की बचत होने की उम्मीद है, जो आने वाले दिनों में परिवर्तनकारी पहल के तौर पर लाखों लोगों को स्वच्छ ऊर्जा अपनाने के लिए सशक्त बनाएंगी, इससे इंकार नहीं किया जा सकता। मुजफ्फरनगर जनपद में करीब 753 घर पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के बूते रोशन हो रहे है। इनमें अधिकांश उपभोक्ता शहरी क्षेत्र के हैं। सोलर पॉवर प्लांट का क्रेज देहात क्षेत्र से अधिक शहरी क्षेत्र में दिखाई दे रहा है। नेडा विभाग के द्वारा 657 लोगों का भौतिक सत्यापन अभी तक किया जा चुका है। वहीं अब तक 536 उपभोक्ताओं के बैंक खातों में करीब 3 करोड़ 83 लाख 5 हजार 960 रुपए की सब्सिडी आ गई है। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत घरों में रूफटाप सोलर पॉवर प्लांट लगाए जा रहे है। शासन स्तर से जिले में करीब 50 हजार घरों में अभी रूफटाप सोलर पॉवर प्लांट लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इस कड़ी में इन घरेलू उपभोक्ताओं के घरों की छत पर दो किलोवॉट से दस किलोवॉट तक ऑनग्रिड सोलर पॉवर प्लांट लगाए जा रहे है। इसके लिए लाभार्थी को ऑनलाइन आवेदन यूपीनेडा लखनऊ पोर्टल पर करना होगा। जनपद में करीब 22,017 उपभोक्ताओं ने सोलर पॉवर प्लांट लगवाने के लिए आवेदन किया जा चुका है। जनपद स्तर पर संयंत्र स्थापना के लिए 20 वेंडर्स मुजफ्फरनगर शहर के साथ आस पास के कस्बों में पंजीकृत है। राज्य सरकार व केन्द्र सरकार द्वारा इस कड़ी में दो किलोवॉट सोलर रूफटाप पॉवर प्लांट की स्थापना पर 90 हजार रुपए का अनुदान है। डीएम उमेश मिश्रा ने लक्ष्य की प्राप्ति की खातिर जनपद के अधिकारियों को लक्ष्य आवंटित किया है। वहीं जरुरतमंद लोगों की सुविधा की खातिर जनपद के सभी सरकारी बैंकों को लोन देने के लिए लक्ष्य निर्धारित किए गए है।



**इन्होंने कहा-**
**प्रभारी परियोजना** यूपीनेडा भजन सिंह ने बताया कि पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत रूफटाप सोलर पॉवर प्लांट लगाने के लिए शासन ने जिले को 50 हजार का लक्ष्य दिया है, जिसमें अभी तक 22,017 उपभोक्ताओं द्वारा आवेदन किया गया है। जनपद में 753 घरों में सोलर पॉवर प्लांट लगा चुका है और करीब 536 उपभोक्ताओं के खातों में 3.82 करोड रुपए की सब्सिडी भी आ चुकी है।



## चोर को ग्रामीणों ने दौड़ाया

**रामराज, 09 दिसम्बर (बु.)।** थाना क्षेत्र के गांव देवल मे माटा फार्म के निकट किसान भोपाल सिह पुत्र गजराज सिंह के खेत है, जहां भोपाल सिंह अपने परिवार के साथ रहकर खेती करता है। भोपाल सिंह ने बताया की देर रात्रि अज्ञात चोरों ने यहां से उसकी भैंस चोरी कर ली तथा भैंस को पैदल ले जाने लगे, किन्तु आहत होने पर उसकी आंख खुल गई, जिस पर उसने शोर मचाया दिया। रात्रि में शोर होने पर ग्रामीण इकट्ठा हो गए ओर चोरों को पीछा करने लगे, जिस पर चोर रास्ते में भैंस को छोड़कर जंगल के रास्ते फरार हो गए। भैंस मिलने पर भोपाल व ग्रामीणों में राहत की सास ली है।